


Ludhiana Covid Update
New case -1
Active case -27
Home isolation -26

RNI No. PUNBIL/2014/59416

UTURN TIME
# यूटर्न टाईम
UTURNTIME.COM
THE GOOD, BAD & UGLY OF INDIA




VOL:01 | ISSUE:100 | MONDAY, DATE: 25-04-2022 | RS.2 | PUBLISH BY: LUDHIANA | DAILY EVENING NEWSPAPER | FOLLOW US ON @UTURNTIME

# चर्चित रिंकल मर्डर केस में मुख्य आरोपी सन्नी नाई के तार जुड़े आतंकियों के साथ

## मर्डर केस में कौंसलर नीटू के बेटे समेत कई आरोपियों पर दर्ज हुआ था मामला

लुधियाना/यूटर्न/25 अप्रैल। विधानसभा चुनाव से पहले रुपनगर जिले के नूरपुरबेदी कस्बे की कलमां पुलिस चौंकी में बम विस्फोट के आरोप में कुलदीप सिंह उर्फ सन्नी नाई को गिरफ्तार किया गया है। नवांशहर पुलिस ने यहां उसके नीमवाला चौक स्थित घर पर कल रेड की थी। गौरतलब है कि वह महानगर के चर्चित रिंकल खेड़ा हत्याकांड में भी नामजद है। लिहाजा थाना डिविजन दो की पुलिस उसे प्रोडक्शन वारंट पर लाने वाली है। पाकिस्तान में रह रहे आतंकी रिंदा से भी उसके तार जुड़े बताए जाते हैं। शातिर सन्नी नाई पिछले चार साल से पुलिस की गिरफ्त से बाहर था। पुलिस ने यहां रेड के दौरान उसके परिजनों से पूछताछ के अलावा छानबीन कर कुछ कागजात भी कब्जे में लिए। हालांकि मामला संवेदनशील होने के कारण किसी ने इसकी अधिकारिक पुष्टि नहीं की गई। यहां गौरतलब है कि रिंकल मर्डर केस में कांग्रेसी कौंसलर गुरदीप सिंह के बेटे को भी नामजद किया गया था। वहीं इस हत्याकांड में पीड़ित पक्ष के वकील गगनदीप सिंह के मुताबिक किया है कि सन्नी नाई के आतंकी से संबंध के चलते अब उन्हें भी अपनी जान का खतरा लग रहा है। आरोपी पहले ही केस वापस लेने व गवाही से मुकरने को दबाव बना रहे थे। वह इस बारे में डीजीपी से मिलकर सुरक्षा की मांग करेंगे।



अब गिरफ्तार सन्नी को लुधियाना लाएगी पुलिस बाकी आरोपियों का संकट बढ़ने की आशंका



गौरतलब है कि आरोपी सन्नी नाई ने भाजपा कार्यकर्ता रिंकल खेड़ा की हत्या कुछ साथियों के साथ मिलकर जुलाई, 2018 में कर दी थी। पुलिस इस केस में चालान पेश कर चुकी है और फरार सन्नी की तलाश थी। गौरतलब है कि वह पहले वीडियो जारी कर कांग्रेसी कौंसलर नीटू के खिलाफ ही बोल चुका है। जाहिर है कि आतंकी-तार जुड़ने के बाद अगर सन्नी नाई ने कौंसलर या मर्डर केस में आरोपी उनके बेटे के खिलाफ पुलिस पूछताछ में कुछ बोल दिया तो उनके लिए नया संकट पैदा हो जाएगा।

## अपराधियों का आतंकी कनेक्शन

भले ही पंजाब कई दशक पहले आतंक के काले दौर से उबर चुका है, लेकिन आतंकियों के विदेश में बैठे आकाओं से पंजाब के युवा अपराधियों के तार जुड़ना चिंताजनक पहलू है। मसलन, महानगर के चर्चित रिंकल खेड़ा हत्याकांड के मुख्य आरोपी सन्नी नाई को पुलिस ने 4 साल बाद काबू किया तो सनसनीखेज खुलासा भी हुआ। पाकिस्तान में बैठे आतंकी रिंदा के उससे तार जुड़े होने का पुलिस का दावा सही है तो यह बहुत गंभीर मामला है। बॉर्डर एरिया के अपराधियों के पहले आतंकियों से कनेक्शन माने जाते थे, लेकिन अब लुधियाना जैसे कारोबारी शहर में एक बार फिर आतंकी कनेक्शन की बात सामने आई है। इसके पहले टारगेट किलिंग के मामलों में भी एक गैंगस्टर के विदेशी आतंकियों से तार जुड़े होने का खुलासा हुआ था। जाहिर है ऐसे में पुलिस और खुफिया एजेंसियों को गंभीरता से इस मामले में स्कैनिंग करनी होगी कि आखिर कारोबारी शहर में कैसे और किस तरह आतंकियों ने अपने नेटवर्क तैयार किए हैं।



संदीप शर्मा
चीफ एडीटर

अपने इलाके की जन समस्याओं के लिए आप हमसे दिए हुए नंबर पर संपर्क करें-9888200619, 9818884612

### शहीद सुखदेव थापर की जन्मस्थली के पास गुडांगर्दी

## तलवारें लहराने से लोगों में दहशत

- आसपास कारोबार करने वालों में रोष, पुलिस से यहां माहौल सुधारने की मांग



लुधियाना/यूटर्न/25 अप्रैल। शहर के पुराने इलाके मोहल्ला नौघरा में शहीद सुखदेव थापर की जन्मस्थली के पास हथियारबंद युवकों ने तलवारें लहराकर दहशत फैलाई। शोर-शराबा सुनकर आसपास के लोग इकट्ठे हुए तो युवकों की टोली वहां से भाग निकली।

बताते हैं कि सुखदेव थापर ट्रस्ट के प्रधान अशोक थापर व अन्य लोगों ने इसकी जानकारी फोन पर पुलिस कमिश्नर को दी। सीपी कौस्तुभ शर्मा को फोन जाने के बाद घटनास्थल पर पुलिस पहुंची, हालांकि तब तक हुड़दंग मचाने वाले युवक जा चुके थे। गौरतलब है कि यहां हौजरी कारोबारी बड़ी तादाद में है, जो किसी दिन यहां कोई बड़ी वारदात होने की आशंका जता रहे हैं। वहीं एसएचओ गुरजीत सिंह का कहना था कि पुलिस मौके पर गई थी। गुंडागर्दी करने जैसी अभी कोई बात सामने नहीं आई। बाकी इलाके के सीसीटीवी चैक करके अगली कार्रवाई की जाएगी।

## दुगरी में हेरोइन समेत दो युवक गिरफ्तार

दोनों पर पहले भी पर्चे दर्ज हैं कार व स्कूटर भी किए जब्त

लुधियाना / यूटर्न / 25 अप्रैल। दुगरी इलाके में पुलिस ने हेरोइन पीने व बेचने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। जिनके कब्जे से 15 ग्राम हेरोइन भी बरामद की है। जानकारी के मुताबिक ज्वाइंट कमिश्नर बलविंदर सिंह रंधावा व असिस्टेंट कमिश्नर दीप कमल की अगुवाई में थाना दुगरी की पुलिस ने नशा तस्करों के खिलाफ मुहिम चला रखी है। इसी दौरान एसएचओ नीरज चौधरी की देखरेख में दो आरोपियों को काबू किया गया। आरोपी जतिंदर सिंह उर्फ काकी से 10 ग्राम हेरोइन मिली, उसकी कार भी जब्त की। उसके खिलाफ पहले भी लाडोवाल व सराभा नगर के थानों में नशा तस्करी के केस दर्ज हैं। दूसरा आरोपी हरप्रीत सिंह है, उससे पांच ग्राम हेरोइन मिली। उसका स्कूटर भी पुलिस ने जब्त किया है। उसके खिलाफ भी समराला व खन्ना में दो मामले दर्ज हैं।



## जेसीबी-टिप्पर मालिकों ने धरना लगाकर जीटी रोड किया जाम



विधायक मुंडिया ने कराई सीएम से बात

लुधियाना / यूटर्न / 25 अप्रैल। रेत माफिया पर शिकंजा कसे जाने काफी खड्ड बंद हो गए। वहीं जेसीबी और टिप्पर चालकों को कारोबार भी प्रभावित हो रहा है। दूसरी तरफ जेसीबी चालक अगत तीन फीट से ज्यादा रेत खोदते हैं तो उन पर भी केस दर्ज होने लगे हैं।


इसके विरोध में साहनेवाल गांव के सामने जेसीबी व टिप्पर मालिकों ने लुधियाना-दिल्ली हाईवे जाम कर रोष धरना लगाया। करीब डेढ़ घंटे तक चले रोष धरने में शामिल जेसीबी और टिप्पर मालिकों ने पंजाब सरकार के खिलाफ नारेबाजी कर प्रदर्शन किया। मौके पर भारी पुलिस फोर्स पहुंची व ट्रैफिक को डायवर्ट कर किसी तरह जाम खुलवाया। पूरी सड़क पर प्रदर्शन कर रहे लोगों ने कब्जा कर रखा था। काले झंडे उठा सरकार के खिलाफ रोष धरना लगने की जानकारी पाकर विधायक हरदीप सिंह मुंडिया वहां पहुंचे।

उन्होंने मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान से उनकी बात कराई। विधायक ने भरोसा दिलाया कि मुख्यमंत्री के मुताबिक किसी भी जेसीबी चालक से रेत खनन करते समय धक्केशाही नहीं होगी। हालांकि रेत माइनिंग पॉलिसी के मुताबिक ही खुदाई करनी होगी।

# श्री दुर्गा माता मंदिर: यहीं से संचालित होते हैं तमाम सेवा अभियान

लुधियाना / यूटर्न / 25 अप्रैल। मंगलवार को लुधियाना में शहर के 72 साल पुराने श्री दुर्गा माता मंदिर में मंदिर का 72 वां स्थापना दिवस बड़ी धूम धाम से मनाया जायेगा। इस मोके पर श्री दुर्गा माता मंदिर में मंदिर ट्रस्ट के सदस्यों सहित मुख्य रूप से लुधियाना की डिप्टी कमिश्नर सुरभि मलिक, पुलिस कमिश्नर डॉ कौस्तुभ शर्मा और जेमिनी सविंग मशीन के एम् डी विनय दुआ की तरफ से 8 बजे खास तौर पर ज्योति प्रचंड और पूजन किया जायेगा। इस मौके पर शहर की कई गणमान्य हस्तियां मौजूद रहेंगी और मंदिर के 72वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में मंदिर में सुबह 8:30 बजे से 9:30 बजे तक हवन यज्ञ करवाया जायेगा। मंदिर के स्थापना दिवस पर मंदिर में डॉ. राजेश यूनिवर्स यमुनानगर वाले महामाई का गुणगान कर महामाई ले भक्तों को मंत्र मुग्ध करेंगे। मंदिर ट्रस्ट के सदस्यों ने बताया कि श्री दुर्गा माता मंदिर लुधियाना के प्रसिद्ध मंदिरों में से एक है और मंदिर के स्थापना दिवस के लिए मंदिर के ट्रस्ट द्वारा मंदिर को सजाने के लिए कई दिनों से बड़ी तैयारियां जोरों से चल रही थीं। मंदिर के प्रांगण को कई तरह को फूलों से सजाया गया है और मंदिर के इर्द-गिर्द सजाने के लिए कई तरह की लाइटें भी लगाई गई तथा और भी कई तरह के साजो-सामान से मंदिर को सजाने के लिए मंदिर का ट्रस्ट पिछले कई दिनों से मेहनत कर रहा है। ट्रस्ट के सदस्यों कहना है की इस उपलक्ष्य में शहर की कई गणमान्य हस्तियों के साथ-साथ ट्रस्ट की तरफ से लुधियाना शहर के सभी शहरवासियों, धर्म प्रेमियों और भक्तों को परिवार सहित आने का निमंत्रण दिया गया है। इस अवसर पर पुरषोत्तम मित्तल (चेयरमैन), वरिंदर मित्तल (सीनियर वाईस चेयरमैन), संजय गोयल (वाईस चेयरमैन), बी के गोयल (जनरल सेक्ट्री), पी एल सिंगला (फाइनेंस सेक्ट्री), अश्वनी जैन (सेक्रेटरी), कुलभूषण बंसल (ज्वाइंट फाइनेंस सेक्ट्री), के सी गुप्ता (एग्जीक्यूटिव मेंबर), अनिल भारती (एग्जीक्यूटिव मेंबर), जगदीप सिंगल (एग्जीक्यूटिव मेंबर), संजय महिन्द्रू (ट्रस्टी), सतीश अग्रवाल (ट्रस्टी), बलबीर कुमार गुप्ता (ट्रस्टी), नवीन मित्तल (ट्रस्टी), के के अरोड़ा (ट्रस्टी), जगदीश राज शर्मा (ट्रस्टी) भी मुख्य रूप से मंदिर की सेवा में हाजिर रहेंगे।





### मंदिर द्वारा किये जा रहे धार्मिक एवं समाजिक कार्य

श्री दुर्गा माता मंदिर के ट्रस्ट द्वारा कई तरह के धार्मिक एंव सामाजिक कार्य भी किए जा रहे हैं। मंदिर के ट्रस्ट द्वारा मंदिर में पिछले 22 सालों से 150 से ज्यादा विधवा महिलाओं को हर महीने राशन दिया जा रहा है और प्रतिदिन दोपहर को 200 से ज्यादा लोगों को लंगर खिलाया जा रहा है इसके साथ-साथ ही फ्री सिलाई स्कूल और कंम्प्यूटर सेंटर के साथ ब्यूटी कोर्स भी करवाए जाते है। मंदिर के ट्रस्ट द्वारा विद्यार्थियों के लिए स्कूल फीस और किताबों की सहायता भी की जा रही है। श्री दुर्गा माता मंदिर ट्रस्ट की तरफ से जनरल मेडिसिन, हड्डियों, गायनी, बच्चों और आंख, कान, नाक के इलाज के लिये एक हॉस्पिटल भी बनाया गया है जहां पर कई अच्छे-अच्छे डाक्टरों द्वारा सिर्फ 50 रूपए की पर्ची पर इलाज किया जाता है। यहाँ पर आँखों के ऑपरेशन, ब्लड टेस्ट, एक्स रे, ई सी जी, अल्ट्रासाउंड और कई तरह के टेस्ट भी काफी काम दाम में करवाए जा रहे हैं। मंदिर के ट्रस्ट द्वारा दवाइयां भी 15% डिस्काउंट पर मरीजों को उपलब्ध करवाई जा रही हैं। समय-समय पर मंदिर द्वारा कई तरह के मेडिकल कैम्पों का आयोजन भी किया जाता है और मंदिर के ट्रस्ट के सहयोगी और मेंबर्स धार्मिक और सामाजिक कार्यों को करने के लिए हमेशा तत्पर रहते हैं।

यूटर्न टाईम
THE GOOD, BAD & UGLY OF INDIA

# न्यू यंग फाइव स्टार क्लब की ओर से 35 वां मां भगवती जागरण सुंदर नगर किंग पैलेस में करवाया



लुधियाना / यूटर्न / 25 अप्रैल। वर्ष 1989 से मानवता की सेवा में तत्पर न्यू यंग फाइव स्टार क्लब, भोले बावा रत्न मुनि जैन युवा संघ व मां वैष्णो देवी चैरिटेबल अस्पताल के सहयोग से 35वां मां भगवती जागरण सुंदर नगर किंग पैलेस में संपन्न हुआ। सर्वप्रथम धर्मगुरु पंडित अजय वशिष्ठ, राजेश जैन बाबी व समस्त परिवार के सदस्यों ने पूजा की। इस दौरान जागरण का उद्घाटन अनिल गुप्ता, जागरण द्वार उद्घाटन सतीश बजाज, जागरण स्वागताध्यक्ष वरिंदर कुमार, जागरण पूजा विनय धीर, कलश पूजा की रस्म सुभाष कुमार क्वात्रा, ज्योति प्रचंड की रस्म केसी गुप्ता, भवन उद्घाटन अश्वनी कुमार, जागरण द्वार उद्घाटन गुलशन मोंगा, मंच उद्घाटन विजय पाल धीर, झंडे की रस्म अनिल-संजय अग्रवाल, नारियल की रस्म गौरव नैयर, पंडाल उद्घाटन नवीन गुप्ता, स्टेज उद्घाटन दर्शन लाल बवेजा, चुनरी की रस्म कपूर जीत कपूर, ज्वाला ज्योति का उद्घाटन अश्वनी गुप्ता, लंगर उद्घाटन अशोक सामा, प्रसाद सेवा का लाभ मनु जैन ने लिया। इस दौरान प्रसिद्ध गायक कुमार संजीव व भजन गायक अमेंद्र बाबी पटियाला ने महामाई का गुणगान किया। आ मां आ तुझे दिल ने पुकारा, दिल वाली पालकी में मां तेनूं बिठाना है आदि भजनों से समां बांधा। इस अवसर पर महंत नारायण पुरी, जोनल कमिश्नर नीरज जैन, चौधरी यशपाल, पार्षद पल्लवी, विपन विनायक, पार्षद अनिल मल्होत्रा, दर्शन लाल लड्डू, जितेंद्र जैन शरमण, संजीव सूद बांका, विक्की गोयल, बिट्टू गुंबर, महेश दत्त शर्मा, राजीव टंडन, अमन बग्गा, गौरा थापर, रोहित, दीपक शर्मा, साहिल खुराना, कीमती लाल जैन, ऋषभ जैन, विजय जैन, सुनील जैन, गौरव नैय्यर, आदि का क्लब व संघ सदस्यों ने स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

जय माता दी



श्री दुर्गा माता मंदिर के 72वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में 26.04.2022 को
हवन यज्ञ प्रातः 8:15 से 9:15 बजे तक
भजन संध्याः रात्रि 8:00 बजे से 10:30 बजे तक
स्थापितकर्त्ता
श्री मुन्नी लाल मित्तल एवं श्रीमती शांती देवी मित्तल
सभी भक्तजनों को हार्दिक शुभकामनाएँ
श्री सतपाल मित्तल । श्री परषोतम मित्तल
श्री वरिंदर मित्तल । श्री ऋिषी मित्तल
समस्त मित्तल परिवार
आयोजकः श्री दुर्गा माता मन्दिर ट्रस्ट (रजि.)

# महिंद्रा इलेक्ट्रिक ने अमृतसर में 'राही' प्रोजेक्ट के तहत डिलीवर किया पहला ट्रेओ ऑटो



लुधियाना / यूटर्न / 25 अप्रैल। महिंद्रा समूह की एक इकाई महिंद्रा इलेक्ट्रिक मोबिलिटी लिमिटेड (एमईएमएल) ने अमृतसर में राही प्रोजेक्ट के तहत पहला ट्रीओ ऑटो अमृतसर रेलवे स्टेशन के स्टैंड प्रधान नरिंदर सिंह चौधरी को डिलीवर किया। कुंवर विजय प्रताप सिंह, विधायक अमृतसर उत्तर, संदीप ऋषि, अमृतसर स्मार्ट सिटी लिमिटेड के सीईओ और आयुक्त, एमसीए, और इंद्रप्रीत सिंह आनंद, डीपी, महिंद्रा वर्ल्डवाइड ऑटोज़ोन ने लाभार्थी को पहला ट्रीओ ऑटो सौंपा। आवास और शहरी मंत्रालय द्वारा स्थापित राही प्रोजेक्ट (रिजुविनेशन ऑफ ऑटो-रिक्शा इन अमृतसर थ्रू होलिस्टिक इंटरवेंशन) के तहत सूचीबद्ध ओईएम में महिंद्रा इलेक्ट्रिक भी एक है। राही प्रोजेक्ट शहर में वायु प्रदूषण के स्तर को कम करने पर फोकस करता है और यह सिटी इन्वेस्टमेंट्स टू इनोवेट, इंटीग्रेट एंड सस्टेन (सीआईटीआईआईआईएस) का एक हिस्सा है। इस कार्यक्रम के तहत अमृतसर सहित कुल 12 शहरों का चयन किया गया है और इनमें महिंद्रा इलेक्ट्रिक मोबिलिटी लिमिटेड अगले कुछ महीनों में 500 ट्रीओ इलेक्ट्रिक ऑटो वितरित करेगा। राही प्रोजेक्ट के तहत, प्रत्येक लाभार्थी को 108 करोड़ के आवंटित परिव्यय के साथ 75000.00 की सब्सिडी दी जाती है। यदि ग्राहक ट्रीओ को अग्रिम रूप से खरीदने का निर्णय लेता है, तो पूरी सब्सिडी उनके खाते में जमा कर दी जाएगी, जबकि यदि वे ऋण लेते हैं, तो 15000.00 जमा किए जाएंगे। शेष 60000.00 को ऋण राशि में समायोजित किया जाएगा। इस योजना के तहत लाभार्थियों को आकर्षक ब्याज दरों पर 4 साल के लिए अधिकतम 2.5 लाख की ऋण राशि दी जाएगी। महिंद्रा इलेक्ट्रिक मोबिलिटी लिमिटेड के सीईओ सुमन मिश्रा ने कहा, "राही प्रोजेक्ट में शामिल होना और इसयोजना के तहत लाभार्थियों को हमारे तकनीकी रूप से उन्नत इलेक्ट्रिक 3-व्हीलर वितरित करना हमारे लिए वाकई एक सम्मान की बात है।

# बहादुर सिंह सिदू अमरीका को बावा ने अपने 45 वर्षीय संघर्षमयी जीवन हेतु पुस्तक भेंट की

लुधियाना / यूटर्न / 25 अप्रैल। बाबा बंदा सिंह बहादुर अंतर्राष्ट्रीय चैरीटेबल ट्रस्ट रकबा के ट्रस्टी व प्रवासी भारतीय बहादुर सिंह सिदू अमरीका को राजगुरू नगर में ट्रस्ट के चेयरमैन कृष्ण कुमार बावा ने अपने 45 वर्षीय संघर्षमयी जीवन हेतु पुस्तक भेंट की। बावा,पुर्व मंत्री मलकीत सिंह दाखा और प्रिंसीपल बलदेव बावा ने श्री सिदू को दौशाला भेंट कर सम्मानित भी किया। प्रवासी भारतीय बहादुर सिंह सिदू ने बताया कि 14मई को सरहंद फतेह दिवस पर बाबा बंदा सिंह बहादुर रकबा भवन से चप्पड़चिड़ी सरहंद तक मार्च निकाल कर फतेह का झंडा लहराया जाएगा। इसमें एनआरआई भी बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेंगे। उन्होंने कहा कि इस तरह के एतिहासिक दिवस हम सभी को मिल कर मनाने चाहिए। इस अवसर पर रजनी बावा, पूजा बावा, युवराज बावा, रागनी बावा, अर्जुन बावा आदि उपस्थित थें।



# संगरूर जिले के छजली पुलिस स्टेशन को पंजाब का सर्वश्रेष्ठ पुलिस स्टेशन चुना गया



लुधियाना / यूटर्न / 25 अप्रैल। भारत सरकार के गृह मंत्रालय द्वारा देश के सर्वश्रेष्ठ पुलिस स्टेशनों के चयन और रैंकिंग के लिए हर साल पुलिस स्टेशनों का मूल्यांकन सर्वेक्षण किया जाता है। इस संबंध में सर्वश्रेष्ठ चयनित 10 पुलिस स्टेशनों को प्रमाण पत्र भी प्रदान किए जाते हैं वर्ष 2021 के लिए मूल्यांकन सर्वेक्षण मेसर्स ट्रांस रूरल एग्री कंसल्टिंग सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड द्वारा किया गया था। सर्वेक्षण के आधार पर, पहले 75 पुलिस स्टेशनों को शॉर्टलिस्ट किया गया और अंत में, भारत के 10 सर्वश्रेष्ठ पुलिस स्टेशनों का चयन किया गया।

गृह मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा वार्षिक रैंकिंग में संगरूर जिले के छजली पुलिस स्टेशन को पंजाब के सर्वश्रेष्ठ पुलिस स्टेशन के रूप में चुना गया है।इस संबंध में आज पंजाब के डीजीपी ने भारत सरकार द्वारा दिया गया प्रमाण पत्र एसएसपी संगरूर मनदीप सिंह सिद्धू को दिया।

# जालंधर इंप्रूवमेंट ट्रस्ट से गायब हुई 100 फाइलों के मामले ने पकड़ा तूल

## FIR के आदेश, कई अधिकारियों पर गिर सकती है गाज




जालंधर/ यूटर्न / 25 अप्रैल। लुधियाना इंप्रूवमेंट ट्रस्ट के बाद अब जालंधर इंप्रूवमेंट ट्रस्ट के घोटालों के आरोपों को लेकर सुर्खियों में आ गया है। जालंधर इंप्रूवमेंट ट्रस्ट से गायब हुई करीब 100 फाइलों का मामला इस कदर तूल पकड़ गया कि इसकी आवाज पूरे पंजाब में गूंज रही है। जिसके चलते जालंधर के डीसी कम ट्रस्ट के चेयरमैन घनश्याम थोरी ने चोरी फाइलों की लिस्ट को सीवीओ और स्थानीय निकाय विभाग के डायरेक्टर को भेज दिया है। जिस पर डायरेक्टर ने एक्शन में आते हुए कहा है कि गायब हुए दस्तावेज को लेकर तत्काल पुलिस में एफआईआर दर्ज करवाई जाए।

गौरतलब है कि कुछ दिन पहले चीफ विजीलैंस अफसर ने जालंधर इंप्रूवमेंट ट्रस्ट के दफ्तर में छापा मारा था। उस समय कई फाइलें गायब होने की बात ईओ परमिंदर सिंह गिल ने की थी। जिसकी शिकायत सीवीओ ने डायरेक्टर से की। अब डायरैक्टर ने ईओ को चिट्ठी भेजकर गायब फाइलों के संदर्भ में एफआईआर के लिए आदेश दिया है। साथ ही डायरैक्टर ने चिट्ठी में लिखा है कि जिन अधिकारियों और कर्मचारियों के अधिकारक्षेत्र की फाइलें गायब हुई हैं, उनकी जिम्मेदार तय की जाए और उनके खिलाफ भी कार्रवाई की जाए। यहां आपको बता दें कि इंप्रूवमेंट ट्रस्ट की स्कीमों का चार क्लर्क देख रहे हैं।

## सीटी यूनिवर्सिटी ने किया मिफोबिया 2022 का आयोजन

# लिका और जोग के सर सजा मिस और मिस्टर मिफोबिया का ताज



लुधियाना / यूटर्न / 25 अप्रैल। सीटी यूनिवर्सिटी की तरफ से 2022 सत्र के छात्रों के स्वागत के लिए मिफोबिया 2022आयोजन किया गया। शाम को मनमोहक बनाने के लिए बहुसांस्कृतिक छात्रों द्वारा विभिन्न प्रस्तुतियां दी गईं। मस्ती, उत्साह, नृत्य, संगीत और जोश से भरपूर इस शाम का छात्रों ने खूब लुत्फ उठाया। पूरे भारत और 10 देशों के छात्रों का स्वागत करते हुए और सांस्कृतिक सद्भाव को ध्यान में रखते हुए, इस कार्यक्रम में फैशन शो के साथ-साथ गणेश वंदना, पश्चिमी नृत्य, भांगड़ा, गिद्दा, संगीत सहित विभिन्न गतिविधियां शामिलरहे। फैशन शो के दो चरणों से गुजरने के बाद लीका ने मिस मिफोबियाऔर जोग ने मिस्टर मिफोबिया का खिताब जीता। इस प्रतियोगिता में भाविका मिस एलिगेंट और अमरदीप सिंह मिस्टर एलिगेंट रहे। इसके इलावा कृतिका और बोरिस ने मिस एंड मिस्टर चार्मिंग का ख़िताब जीता। इस शाम के मुख्य अतिथि सीटी यूनिवर्सिटी की को-चैरपरसन परमिंदर कौर चन्नी, मैनेजिंग डिरेक्टर डॉ. मनबीर सिंह, तनिका सिंह और वाइस चेयरमैन हरप्रीत सिंह रहे। मुख्य अतिथि को-चैरपरसन परमिंदर कौर चन्नी ने छात्रों के प्रदर्शन की सराहना की और कहा कि इस तरह के आयोजनों से छात्रों में आत्मविश्वास पैदा होता है और उन्हें भविष्य में इस तरह के आयोजन के लिए प्रोत्साहन भी मिलता है।

## जन्मदिन मुबारक



डॉ. पलक नैय्यर



हरदीप कुमार



राहुल भंडारी



ध्रुव

PUBLISH YOUR
Birthday Photograph
& GET A CHANCE TO WIN BIRTHDAY CAKE WORTH RS. 800 EACH
1 FOR YOUNGEST & 1 FOR OLDEST
*T&C
belfrance
bakers & chocolatiers
0161-4612000, 4633305
FOR MORE DETAILS, CALL: 99882-20063, 98142-95372
groupkindia@gmail.com, hetaishinews@gmail.com

ADVERTISEMENT
जन्मदिन/सालगिरा/शोक समाचार प्री
रस्म किरिया/श्रद्धांजलि ₹2000
क्लासिफाइड डिस्पले ₹500 – 3
M: 98142-95372

# आर्थिक मुद्दों पर कांग्रेस का तीन दिन का चिंतन शिविर उदयपुर में

## तैयारी कमेटी में सांसद तिवारी पंजाब का प्रतिनिधित्व करेंगे



लुधियाना / यूटर्न / 25 अप्रैल। ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी की ओर से 13 से 15 अप्रैल तक राजस्थान के उदयपुर में आर्थिक मामलों को लेकर चिंतन शिविर लगाया जाएगा। पार्टी के महासचिव केसी वेणुगोपाल की निगरानी में इस चिंतन शिविर में आर्थिक मामलों की तैयारी के लिए पूर्व केंद्रीय वित्त मंत्री पी चिदंबरम कन्वीनर रहेंगे।

जबकि पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं सांसद मनीष तिवाड़ी समेत वरिष्ठ कांग्रेसी नेता सिद्धा रम्मैया, आनंद शर्मा, सचिन पायलट, प्रोफेसर राजीव गौड़ा, प्रणीति शिंदे, प्रोफेसर गौरव वल्लभ और सुप्रिया श्रीनेत बतौर सदस्य शामिल रहेंगे।

### इंडस्ट्रियल सिटी के लोगों को भी मिलेगी राहत

# डीजीपी ने साइबर क्राइम रोकने के लिए लांच किया वेब पोर्टल

लुधियाना/यूटर्न/25 अप्रैल। पंजाब में बढ़ रहे साइबर अपराध को देखते हुए आज डीजीपी वीके भवरा ने एक एंटी साइबर क्राइम वेब पोर्टल लांच किया है। इस पोर्टल के माध्यम से पंजाब में हो रही साइबर ठग्गियों पर पंजाब पुलिस द्वारा लगाम लगाई जाएगी।

आज कल देखने को मिल रहा है की पंजाब में साइबर क्राइम दिनों दिन पैर पसर रहा है और साइबर ठगों द्वारा नए नए तरीकों से लोगों के साथ ठगी करने के तरीके ढूंढे जा रहे हैं। पंजाब ही नहीं, पूरे भारत में साइबर क्राइम बढ़ता जा रहा है। इसकी रोक थाम के लिए पंजाब पुलिस के डीजीपी और साइबर सेल के अधिकारिओं ने साइबर क्राइम की



जानकारी के लिए इस पोर्टल को आज पंजाब पुलिस के हेडक्वार्टर चंडीगढ़ में एंटी साइबर क्राइम वेब पोर्टल लांच किया।

# जैन कॉन्फ्रेंस की मुख्य कार्यकारिणी के साथ ही युवा और महिला विंग के पदाधिकारी नियुक्त

## परिचय बैठक में मुख्य लक्ष्य भी किए तय







लुधियाना/यूटर्न/ 25 अप्रैल। यहां जैन कॉन्फ्रेंस पंजाब की कार्यकारिणी की परिचय बैठक रखी गई। जिसमें मुख्य कार्यकारिणी के अलावा युवा शाखा और महिला शाखा की टीमें भी घोषित की गई। मुख्य शाखा के प्रेसिडेंट अरुण जैन शॉल वालों को नियुक्त किया गया। जनरल सेक्रेटरी पंकज जैन, कैशियर अंशुल जैन को बनाया गया। इसी तरह युवा शाखा के प्रेसिडेंट दीपांशु जैन, जनरल सेक्रेटरी अभय जैन और कैशियर लव जैन नाहर बनाए गए। जबकि महिला शाखा की प्रेसिडेंट प्रवीन जैन मधु और जनरल सेक्रेटरी निधि जैन व कैशियर सुरुचि जैन को बनाया गया। संस्था के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष संजीव आत्म, संगठन मंत्री राजन केपी ने खासतौर पर हिस्सा लिया। संचालन राष्ट्रीय मंत्री राकेश लक्की ने किया।

मीटिंग की अध्यक्षता जतिंदर रोशन ने की। जबकि अतिथि बतौर दीपक बत्रा राष्ट्रीय युवा अध्यक्ष रहे। इनके अलावा विपिन जैन श्रमण स्वीट्स, रमेश जैन जगराओं, सुदर्शन जैन, नीलम जैन कंगारू वाले प्रमुख मार्गदर्शक के तौर पर उपस्थित रहे। राष्ट्रीय महिला टीम से मोनिका जैन, मधु जैन, युवा टीम से श्रेय, कमल, सचिन आदि इस मौके पर मौजूद रहे। आमराय से युवा जोड़ो अभियान, बाल संस्कार, जीव दया और मानव सेवा प्रमुख लक्ष्य घोषित किए गए। इस दौरान पंजाब हिमाचल और जम्मू के सभी शहरों से सदस्यों ने शिरकत की।

# मस्क का हो सकता है ट्विटर की, विचार कर रहा बोर्ड

नई दिल्ली / यूटर्न / 25 अप्रैल। माइक्रोब्लॉगिंग प्लेटफॉर्म ट्विटर जल्द ही दुनिया के सबसे रईस इंसान एलन मस्क के हाथों में जाने वाला है। एक रिपोर्ट में इस मामले को करीब से जानने वाले लोगों के हवाले से कहा गया है कि इस पर फैसला जल्द हो सकता है। रिपोर्ट के अनुसार, ट्विटर इंक TWTR.N एलन मस्क के प्रस्तावित 54.20 डॉलर प्रति शेयर नकद में खरीदने के सौदे के बेहद करीब है। बता दें कि मस्क ने 43 अरब डॉलर में ट्विटर को खरीदने के लिए प्रति शेयर इतना भुगतान का ऑफर दिया था। मस्क ने कहा था कि यह उनका 'सर्वश्रेष्ठ और अंतिम' ऑफर है। गौरतलब है कि इससे पहले आई एक रिर्पो में भी यह दावा किया गया था कि टेस्ला के सीईओ एलन मस्क के ट्विटर को खरीदने की चर्चा ने एक बार फिर से जोर पकड़ लिया है। एक ताजा रिपोर्ट में कहा गया है कि माइक्रोब्लॉगिंग साइट ट्विटर का बोर्ड मस्क के प्रस्ताव पर पुनर्विचार कर रहा है। ये रिपोर्ट मस्क के उस बयान के बाद सामने आई है जिसमें उन्होंने कहा है कि उनके पास इस डील के लिए पर्याप्त फंडिग है। रिपोर्ट के मुताबिक, रविवार को दोनों पक्षों के बीच बातचीत भी हुई थी और संभावना है कि जल्द ही इस पर कोई बड़ा फैसला लिया जा सकता है। रिपोर्ट में ये भी कहा गया है कि ट्विटर बोर्ड एलन मस्क से चर्चा करके और भी अच्छे ऑफर की तलाश में है।

# साढ़े चार साल में ईपीएफओ से जुड़े 5.18 करोड़ नए सदस्य

नई दिल्ली / यूटर्न / 25 अप्रैल। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) की ओर से सोमवार को जारी किए गए आंकड़ों के अनुमसार, देश में रोजगार के क्षेत्र में अच्छा विस्तार देखने को मिल रहा है। इसके मुताबिक, सितंबर 2017 और फरवरी 2022 के बीच 5.18 करोड़ से अधिक नए सदस्य कर्मचारी भविष्य निधि (ईपीएफ) योजना में शामिल हुए हैं। एनएसओ की ओर से पेश किए गए आंकड़ों के मुताबिक, इस योजना से जुड़ने वाले नए सदस्यों का आंकड़ा इस साल फरवरी में कम रहा।

फरवरी में 9.34 लाख नए सदस्य इससे जुड़े। यह इससे बीते महीने यानी जनवरी 2022 में ईपीएफओ के सदस्य बने 11.19 लाख सदस्यों की संख्या से कम है। गौरतलब है कि एनएसओ हर महीने देश के पेरोल पर कार्यरत कर्मचारियों का डाटा पेश करता है, जो कि देश में औपचारिक परिप्रेक्ष्य प्रदान करता है।




एनएसओ ईएफपी योजना के आंकड़ों के अलावा, मासिक डेटा में कर्मचारी राज्य बीमा निगम और राष्ट्रीय पेंशन योजना के सदस्यों का आंकड़ा भी साझा करता है। ताजा रिपोर्ट के मुताबिक, सितंबर 2017 से फरवरी 2022 की अवधि के दौरान 6.34 करोड़ नए ग्राहक कर्मचारी राज्य बीमा निगम योजना से जुड़े। वहीं फरवरी 2022 के दौरान ईएसआई सदस्यों की संख्या जनवरी के 12.99 लाख की तुलना में घटकर 12.56 लाख रह गई। इस अवधि में राष्ट्रीय पेंशन योजना के तहत 32.90 लाख नए ग्राहक शामिल हुए। बता दें कि ईएसआई 10 से अधिक श्रमिकों वाले प्रतिष्ठानों पर लागू होता है।

जबकि, ईपीएफ 20 से अधिक कर्मचारियों वाले प्रतिष्ठानों पर लागू होता है। एनपीएस भारत के किसी भी नागरिक पर लागू होता है, चाहे वह निवासी हो या अनिवासी, ऐसे व्यक्ति जिनकी आयु उनके आवेदन जमा करने की तिथि को 18 से 70 वर्ष के बीच हो इससे जुड़ सकते हैं।

# खाने का तेल हुआ महंगा, आगे और बढ़ सकते हैं दाम

नई दिल्ली / यूटर्न / 25 अप्रैल। दुनिया के अग्रणी पाम ऑयल उत्पादक देश इंडोनेशिया के खाद्य तेल निर्यात पर पाबंदी लगाने की घोषणा से बाजार में चिंता बढ़ गई है। भारत अपने कुल खाद्य तेलों के निर्यात का लगभग 60 फीसदी हिस्सा इंडोनेशिया से ही करता है। बैन लागू होने से पहले ही तेल के दामों में बढ़ोतरी हो रही है।

खाद्य मंत्रालय की रिपोर्ट के अनुसार, देश के सात शहरों में वनस्पति ऑयल (पैक्ड) का डेली रिटेल प्राइस 13 रुपये से बढ़कर 16 रुपये प्रति किलोग्राम हो गया है। इंडोनेशिया ने घोषणा की है कि वो 28 अप्रैल, 2022 से पाम ऑयल का निर्यात बंद करेगा। यह पाबंदी अगले हफ्ते गुरुवार से प्रभावी होगी और अनिश्चित काल तक लागू रहेगी। इंडोनेशिया की ओर से पाम ऑयल के बैन की घोषणा तब



आई है, जब वनस्पति ऑयल (पैक्ड) की कीमत देश के कुछ शहरों में पिछले दो हफ्तों में लगातार बढ़ रही है। खाद्य मंत्रालय के उपभोक्ता मामलों के विभाग के आंकड़ों के मुताबिक, वनस्पति पैक्ड की डेली रिटेल प्राइस दो हफ्तों में (10 अप्रैल से 24 अप्रैल, 2022 के बीच में) 13 रुपये से बढ़कर 16 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई है। कुकिंग ऑयल की राष्ट्रीय औद्योगिक संस्था- Solvent Extractors' Association ने सरकार को इस समस्या से निपटने के लिए तुरंत G2G यानी दोनों सरकारों के बीच एक प्रत्यक्ष बातचीत शुरू करने की सलाह दी है। इंडस्ट्री को डर है कि बैन के बाद भारत पर इसका बड़ा प्रतिकूल असर पड़ेगा। एसईए के डायरेक्टर जनरल बीवी मेहता ने न्यूज एजेंसी पीटीआई से कहा कि 'इंडस्ट्री बैन की उम्मीद नहीं कर रही थी। सोमवार से ही घरेलू बाजार में इसका असर दिखने लगेगा। हमने सरकार को वहां की सरकार से उच्चस्तरीय कूटनीतिक वार्ता करने को कहा है। हमारे बाजार पर इसका गंभीर असर दिखेगा क्योंकि हमारा आधे से ज्यादा पाम ऑयल इंडोनेशिया से आता है, इसकी भरपाई कोई नहीं कर सकता।

# दुनिया के पांचवें सबसे अमीर आदमी बने अडाणी

नई दिल्ली / यूटर्न / 25 अप्रैल। अडाणी ग्रुप के चेयरमैन गौतम अडाणी ने एक नया मुकाम हासिल किया है। फोर्ब्स की रियल टाइम बिलेनियर लिस्ट के अनुसार अब अडाणी दुनिया के पांचवें सबसे अमीर व्यक्ति बन गए हैं। अडाणी की कुल नेट वर्थ 123.2 अरब डॉलर आंकी गई है। उन्होंने के वॉरेन बफेट को पीछे छोड़ते हुए यह स्थान हासिल किया। दुनिया के सबसे अमीर लोगों की फोर्ब्स की लिस्ट में रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी आठवें स्थान पर हैं। इस तरह दुनिया के 10 सबसे रईस लोगों में दो भारतीय हैं। टेस्ला के प्रमुख एलन मस्क इस लिस्ट में टॉपर पर हैं। उनकी कुल नेटवर्थ 269.70 अरब डॉलर आंकी



गई है। जेफ बेजोस 170.2 अरब डॉलर की कुल संपत्ति के साथ दूसरे स्थान पर हैं। फ्रांस के बर्नार्ड अर्नाल्ट और उनके परिवार की कुल संपत्ति 166.8 अरब डॉलर आंकी गई है और इस लिस्ट में तीसरे स्थान पर काबिज हैं।

## जन हितैषी द्वारा उठाये RPIL के हैमटन होम्स मामले के बाद

# भगवंत सरकार का ऐलान पिछले 15 सालों में कटी कालोनियों की होगी जांच!

चंडीगढ़ / यूटर्न / 25 अप्रैल। पंजाब में पिछले 15 साल के दौरान डेवलप हुई कालोनियों का मुख्यमंत्री भगवंत मान जांच करवाएंगे। इन कालोनियों के रेगुलराइजेशन के पीछे करोड़ों रुपए का घोटाला होने की आशंका है। जिससे मुख्यमंत्री भगवंत मान ने खुद फैसला लिया है कि पिछले 15 सालों से काटी गई कालोनियों की जांच करवाई जाएगी। इसके लिए राज्य स्तर पर एक हाई पावर कमेटी भी बनाई जाएगी।

मुख्यमंत्री भगवंत मान के इस फैसले के बाद अकाली-भाजपा और कांग्रेस के कई नेताओं की सांसें थमने लगी हैं। क्योंकि पिछले 15 साल से पंजाब में अकाली-भाजपा और कांग्रेस की सरकार रही है। इस दौरान कई नेताओं ने कालोनाइजरों के साथ मिलकर कालोनियां काटी हैं। इसमें अधिकतर कालोनियां अवैध तरीके से विकसित की गई है। जिससे सरकार खजाने को अरबों रुपए का नुकसान हुआ है।

जानकारी के अनुसार गैर-कानूनी और कानूनी तरह से कालोनियां काटने वालों के खिलाफ पंजाब सरकार ने अधिकारियों को जांच के आदेश जारी कर दिए हैं। पंजाब की पिछली सरकारें प्रकाश सिंह बादल, कैप्टन अमरिंदर सिंह और चरणजीत सिंह चन्नी के समय यह कालोनियां धड़ाधड़ रैगुलर की गई थीं, जिनकी अब भगवंत मान की सरकार जांच करेगी। सुखबीर बादल, कैप्टन अमरिंदर सिंह और चरणजीत सिंह चन्नी के समय में काटी गई अधिकांश कालोनियों में सत्ताधारी नेताओं का हिस्सा है। जिससे जांच के आदेश के बाद नेताओं की सांसे फूलने लगी है। अगर सही तरीके से जांच हो जाए तो कई नेताओं को हथकड़ी भी लग सकती है।



### पंजाब को अवैध कालोनियां का गढ़ बनाने वाले अधिकारियों की भी हो जांच : गुरविंदर सिंह लांबा



पंजाब प्रॉपर्टी एवं कॉलोनाइजर के प्रधान गुरविंदर सिंह लाबा ने सरकार के इस फैसले का स्वागत किया। वहीं कहा कि सरकार यह भी जांच करे कि पंजाब के जिस पुड्डा डिपार्टमेंट ने अपने अंतर्गत जहां मोहाली में एक भी गैरकानूनी कालोनी नहीं कटने दी वहीं अन्य सारे पंजाब को अवैध कालोनियों का गढ़ बना दिया। लांबा ने कहा कि सरकार को जांच के साथ-साथ आम जनता को राहत देने के बारे में भी सोचना चाहिए। जिन्होंने विभिन्न सरकारों के आश्वासन पर 2013 और 2018 में पॉलिसियों के तहत पैसा जमा करवाया परंतु उसके बदले में एनओसी नहीं मिली।

## एमपी सनी अरोड़ा द्वारा इंडस्ट्रियल जमीन पर बनाए फ्लैटों पर गिरेगी गाज!

RPIL Ritesh Properties & Industries Ltd

जन हितैषी व यूटर्न टाइम समूह द्वार रितेश प्रॉपर्टीज एंड इंडस्ट्री लिमिटेड द्वारा इंडस्ट्रियल लैंड पर बनाए गये हजारों फ्लैटों का मुद्दा निरंतर उठाने के बाद मुख्यमंत्री भगवंत मान के पिछले 15 वर्षों में बनी कालोनियों के जांच के आदेश को लोगों में खबर के असर स्वरूप देखा जा रहा है। गौरतलब है कि वर्ष



1992 की बेअंत सरकार द्वारा पंजाब में इंडस्ट्री व रोजगार को प्रोत्साहित करने के लिए रितेश प्रॉपर्टीज एंड इंडस्ट्री (आरपीआईएल) को सब्सिडाइज दरों पर 20 साल की आसान किश्तों में 50 एकड़ जमीन अलॉट की थी। लेकिन पिछली सरकारों के राजनीतिक संरक्षण में आरपीआईएल के डायरेक्टर एवं आम आदमी पार्टी से राज्यसभा एमपी सनी अरोड़ा ने इंडस्ट्रियल जमीन पर हजारों फ्लैट बना दिये हैं। एक्सपर्ट की मानें तो संवैधानिक तौर पर किसानों से अधिग्रहण की गई जमीन जिस परपज के लिए ली जाती है उस पर उसी कार्य को किया जा सकता है। वहीं इंडस्ट्री के लिए अलॉट हुई जमीन पर कभी भी कानूनी तौर पर रिहायशी फ्लैट बनाकर नहीं बेचे जा सकते।

### गलत कामों के विरुद्ध अपने के खिलाफ भी उठाउंगा आवाज: भोला ग्रेवाल



आम आदमी पार्टी के हलका पूर्वी के विधायक दलजीत सिंह भोला से पूछने पर उन्होंने कहा कि किसानों का हक रखकर बनाए गये हैमटन होम्स फ्लैट में एक बड़े घोटाले के संकेत देखने को मिल रहे हैं। उन्होंने कहा कि उनकी जानकारी के अनुसार इंडस्ट्रियल लैंड पर कभी भी रिहायशी फ्लैटों को बनाकर बेचने की कोई पॉलिसी नहीं है। पिछली सरकारों ने कानून को अपनी निजी संपति समझ कर मनचाहे तरीके से तोड़-मरोड़कर इस्तेमाल किया।

### इंडस्ट्रियल जमीन पर रिहायशी फ्लैट बनाना गलतः अशोक परासर पप्पी



आम आदमी पार्टी हलका सेंटर से विधायक अशोक परासर पप्पी ने भी इंडस्ट्रियल जमीन पर रिहायशी फ्लैटों को बनाना संवैधानिक तौर पर गलत बताया है। उन्होंने कहा कि ऐसा लगता है पिछली सरकारों ने कानून व नियम नाम की कोई चीज ही नहीं थी जिसका जैसा मन चाहता था वैसा काम करवा लेते थे।

### इंडस्ट्रियल जमीन पर रिहायशी फ्लैट समाज में गलत प्रथा की शुरुआत



सीआईसीयू के प्रधान उपकार अहूजा ने कहा कि इंडस्ट्रियल लैंड पर रिहायशी फ्लैट बनाना समाज में गलत प्रथा की शुरुआत करना है। इस तरह की प्रैक्टिस को तुरंत रोकने की जरूरत है नहीं तो समाज में कुछ भी नियंत्रण नहीं रहेगा।

## बेगानी

क्यों औरत हमेशा बेगानी रह जाती है
फूलों सी वो खिलती है
सपनों को भी बुनती है
परियों की कहानी सुनती है
मां से लाड लड़ॉती है
पर फिर ,बेगानी रह जाती है
कई सालों के रिश्तो को
अपने गुड्डे गुड़ियों को
आंगन वाले झूले को
सब छोड़ ससुराल को जाती है
पर फिर बेगानी रह जाती है
नए रिश्तो को बुनती है
जिम्मेदारी चुनती है
खुद को खूब बदलती है
मां का आंचल बुनती है
सब पर प्यार लुटाती है
पर फिर बेगानी रह जाती है
ना अपने घर की हो पाती है
ना पति के घर को भाती है
जब तक चुप रहती है
सब खुद ही खुद सहती है
प्रश्न नहीं वह करती है
पर, फिर भी बेगानी रह जाती है
क्यों ऐसा पल पल होता है
मेरा अस्तित्व क्यो पल-पल खोता है
यूं तो पूजी जाती हूं
पर सम्मान कहां मैं पाती हूं
कभी सड़कों पर लूटी जाती हूं
और घर में बेगानी सी रह जाती हू
फैसलों में मेरा पक्ष नही
मेरा कोई जैसे लक्ष्य नही
अनपढ़ हूं ,तो बेकार हूं
पढ़ी-लिखी लाचार हूं
घर की बातों को मुझसे छुपाया जाता है
पर रिश्ते कैसे निभाना है
यह हर पल सिखाया जाता है
मौन ही तुम्हारा गहना है
यह तुम पहनो तो क्या कहना है
जो तुम आवाज उठाओगी
बेगानी ही रह जाओगी
हर वक्त तुम कोशिश करती हो
खेले, हुए घर घर के सपने बुनती हो
तुम दिल की इच्छाओं को मारती हो
पर फिर भी बेगानी रह जाती हो



कोमल अरोड़ा
कवियित्री

## डीसीपी ट्रैफिक ने पीसीआर और ट्रैफिक पुलिस कर्मियों को बांटी फर्स्ट ऐड किट



लुधियाना / यूटर्न / 25 अप्रैल। सोमवार को डीसीपी ट्रैफिक सौम्या मिश्रा ने पीसीआर और ट्रैफिक पुलिस कर्मियों को सड़क दुर्घटनाओं में घायल व्यक्तियों को प्राथमिक उपचार के लिए फर्स्ट ऐड किट प्रदान की और इन फर्स्ट ऐड किटों का उपयोग करने के लिए सभी पीसीआर और ट्रैफिक पुलिस कर्मियों को इसकी जानकारी भी दी गयी ताकि ड्यूटी करते समय अगर सड़क पर किसी भी तरह का हादसा होता है तो मोके पर चोट लगने वाले को मेडिकल सहायता दी जा सके। पुलिस के इस प्रयास से आने वाले समय में लोगों को काफी सहायता मिल सकती है क्यों की कई बार देखा गया है की कई बार सड़क हादसा होने पर चोट लगने वाले को अगर मोके पर मेडिकल सहायता नहीं मिलती है तो कई बार हॉस्पिटल पहुँचते हुए मरीज का काफी खून बाह जाता है जिस से चोट लगने वाले को इसका आगे चल कर काफी नुकसान होता है अब आने वाले समय में पीसीआर और ट्रैफिक पुलिस लोगों को मेडिकल सहायता भी देते हुए नजर आएंगे।

## एलपीयू की प्रोफेसर की भगवान राम पर आपत्तिजनक टिप्पणी, हुई सस्पेंड

फगवाड़ा / यूटर्न / 25 अप्रैल। फगवाड़ा के लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी में कार्यरत एक महिला सहायक प्रोफेसर ने भगवान राम पर आपत्तिजनक टिप्पणी करते हुए भगवान राम को अवसरवादी और रावण गुणी बताया है । इसका ऑडियो सोशल मीडिया पर लगातार वायरल हो रहा है जालंधर-लुधियाना जी टी रोड पर फगवाड़ा गाँव चेड़ू के पास पड़ती लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी (एलपीयू) में सहायक प्रोफेसर के पद पर तैनात गुरसंगप्रीत कौर ने साथी प्रोफेसरों के साथ बातचीत के करते भगवान राम के खिलाफ अपमानजनक भाषा का इस्तेमाल किया है । वायरल ऑडियो में महिला प्रोफेसर ने कहा है की कि रावण दिल से बहुत अच्छा इंसान था. भगवान राम चालाक इंसान थे, भगवान राम ने सीता को फंसाने की पूरी योजना बनाई थी और सारा दोष रावण पर ही डाल दिया और माता सीता को भी संकट में डाले रखा। ऑडियो में अपने अपने साथ काम कर रहे प्रोफेसरों का उदाहरण देते हुए कहा कि सभी भगवान राम के गुण गाते हैं पर वह कभी अच्छे इंसान नहीं थे।



## देवकी देवी जैन मैमोरियल कॉलेज फॉर वूमेन ने किया प्रदर्शनी का आयोजन



लुधियाना / यूटर्न / 25 अप्रैल। देवकी देवी जैन मैमोरियल कॉलेज फॉर वूमैन लुधियाना के द्वारा 25 अप्रैल 2022 को फाइन आर्ट्स विभाग द्वारा विश्व कला दिवस के अवसर पर कला प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि हरजिंदर सिंह बेदी आईएएस, मिनी सचिवालय, लुधियाना, और शिवानी जैन थी। और विशिष्ठ अतिथि मनमीत सोढिया, शिक्षाविद डिजाइनर, महाप्रबंधक राजा इम्पेक्स प्राइवेट लिमिटेड थे। प्रिंसिपल डॉ सरिता बहल ने सम्मानित अतिथियों का पुष्पांजलि स्वागत किया और इस अवसर पर कहा, "सीखने के लाभों के साथ-साथ ललित कला में कई मूड-बूस्टिंग रिलीफ भी हैं। कला का एक टुकड़ा बनाना या यहां तक कि केवल एक आर्ट गैलरी ब्राउज़ करना हमारे दृष्टिकोण को सकारात्मक रूप से बदलता है, हमें बेहतर महसूस कराता है और हमारे मानसिक तनाव को कम करता है। चूंकि संस्थान के ऑफलाइन मोड में फिर से खोलने के बाद सभी छात्रों ने उत्साहपूर्वक इसमें भाग लिया। इसमें कला और चित्रकला से संबंधित कई गतिविधियों की एक श्रृंखला शामिल थी।

## श्री आत्म वल्लभ जैन कॉलेज में आनलाइन पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन कम्पटीशन संपन्न

लुधियाना / यूटर्न / 25 अप्रैल। श्री आत्म वल्लभ जैन कॉलेज, लुधिआना में कौशल और विकास सेल द्वारा इंटरनल क्वालिटी एशोरंयस सेलकेमार्ग दर्शन तहत आनलाइन पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन कम्पटीशन करवाया गया। इस कम्पटीशन में बी.कॉम एवं बी.बी.ए. प्रथम के विद्यार्थीओ ने हिस्सा लिया। इस प्रतियोगिता को आयोजित करने का मूल उद्देश्य विद्यार्थीओ में सार्वजनिक बोलने का विकास, कम्युनिकेशन स्कील एवं आत्मविश्वास को प्रोत्साहित करना था। विद्यार्थियों ने बड़े ही कलात्मक



ढंग से अपने पाठ्यक्रम से चुने गए विषय को पावर पॉइंट के जरिये प्रदर्शित किया। इस कम्पटीशन ने विद्यार्थियों को अपना आत्मविश्वास तथा हुंनर को दिखाने का एक मंच प्रदान किया और यह साबित किया कि कैसे विद्यार्थी अपनी कला के जरिए अपना हुनर दिखा सकते है। इस कम्पटीशन में गोतम जैन (बी. कॉम प्रथम) एवं प्रांजल जैन (बी. बी.ए प्रथम) ने प्रथम, अमिषा (बी. कॉम प्रथम) एवं हंसिका (बी.बी.ए प्रथम) ने दूसरा और श्रेया सूद (बी. कॉम प्रथम) ने तीसरा स्थान हासिल किया। कॉलेज मैनेजिंग समिति के प्रधान श्री कोमल जैन, मैनेजिंग कमेटी के अन्य सदस्यों एवं प्रिंसिपल डॉ संदीप कुमार ने विद्यार्थियों की प्रतिभा को निखारने के लिए किये गए इस प्रयास के लिए स्टाफ की सराहना की और विजयताओ को मुबारकबाद दी एवं उनके उज्वल भविषय की कामना की।

# फिक्की एफएलओ की ओर से 'इमोशनल फर्स्ट एड किट' स्प्रिचुअल सेशन का आयोजन







लुधियाना / यूटर्न / 25 अप्रैल। फिक्की एफएलओ ऑर्गेनाइजेशन की ओर से चेयरपर्सन नेहा गुप्ता की अध्यक्षता में 'इमोशनल फर्स्ट एड किट' स्प्रिचुअल टीचर सिस्टर शिवानी के साथ एक सेशन का आयोजन किया गया। नितिका बंसल ने मंच पर चेयरपर्सन नेहा गुप्ता का स्वागत किया। नेहा गुप्ता ने सिस्टर शिवानी का स्वागत किया और उनके बारे में सबको अवगत करवाया। सिस्टर शिवानी ने आध्यात्मिक पढ़ने और सुनने पर जोर दिया, क्योंकि उनके अनुसार यह हमारे विचारों को ठीक करने और स्थिति का सामना करने का एक समाधान है। मन की शक्ति बढ़ाने के लिए जीवन से जुड़े व्यवहारिक उदाहरणों से समझाया। मन को नियंत्रण करने के आसान उपाय भी बताए। चारुल और नितिका ने दर्शकों के सवालों का जवाब दिया।उसके बाद मन्नत कोठारी, अनामिका घई और नंदिता भास्कर ने सुनिश्चित किया कि सेशन सुचारू रूप से चले। श्वेता जिंदल ने सभी का धन्यवाद किया और एडवाइजरी ने सिस्टर शिवानी को ग्रीन सर्टिफिकेट प्रदान किया। फिक्की फ्लो के कार्यकारी सदस्य आशु खुराना, कीर्ति ग्रोवर, ऐशनी सेठी, दिशा तलवार, मुक्ता शर्मा, हरप्रीत वालिया, पूजा तुली, प्रीति वोहरा, रिधिमा चोपड़ा और रीमा अरोड़ा शामिल थे। इस दौरान फ्लो माइंड स्पेस वर्टिकल का सॉफ्ट लॉन्च भी हुआ। *-फोटो: विशाल ढल्ल*

## कांग्रेस की नेत्री बीबी राजिंदर कौर भट्ठल को पद से हटाया गया

चंडीगढ़ / यूटर्न / 25 अप्रैल। सोमवार को सरकार ने पंजाब योजना बोर्ड को भंग कर दिया है। इसके साथ ही प्रांतीय बोर्ड व जिला योजना बोर्ड भी भंग हो गए हैं। वर्तमान में कांग्रेस की बीबी राजिंदर कौर भट्ठल इस बोर्ड की वाइस चेयरपर्सन थी। वित्त विभाग ने इस संबंधी सिफारिश करके



मुख्यमंत्री को भेजी थी। मुख्यमंत्री योजना बोर्ड के चेयरमैन होते हैं। सीएम की मंजूरी मिलते ही पंजाब योजना बोर्ड को भंग कर दिया गया है। दिलचस्प बात यह है कि केंद्र सरकार में बने योजना आयोग को पिछली मोदी सरकार में ही भंग कर दिया गया था और उसकी जगह नीति आयोग बना दिया था, लेकिन पंजाब में अभी भी योजना बोर्ड बना हुआ था। इससे पहले योजना बोर्ड राज्य की सालाना योजना तैयार करके योजना आयोग से पारित करवाता था लेकिन योजना आयोग के भंग होने के बाद राज्यों में बने योजना बोर्डों योजनाएं बनाना और उसे पास करवाने का काम खत्म हो गया। विभागीय अधिकारियों का कहना है कि अब योजना बोर्ड योजनाएं नहीं बनाता, बल्कि विभागों के सस्टेनएबल गोल्स और विभिन्न प्रोजेक्टों को शुरू करने से पहले सभी औपचारिकताएं पूरी करने और कंडी व बार्डर बेल्ट में लगने वाले प्रोजेक्टों की निगरानी करने का काम करता है।

## नेकी की दुकान गरीबों के लिए आशा

लुधियाना / यूटर्न / 25 अप्रैल। नेकी की दुकान एकनूर सेवा केंद्र की एक पहल है जो जरूरतमंदों की मदद करती है। नेकी की दुकान से कोई भी व्यक्ति 20 रुपये की मामूली राशि में कुछ भी खरीद सकता है। ये शुल्क अनिवार्य नहीं हैं। दुकान वंचितों के लिए शॉपिंग मॉल का एक अनुभव बनाती है और खरीदारों के लिए कपड़े, बैग, जूते, कंबल, बिस्तर और उपयोगिताओं को प्रदर्शित करती है, जिससे उन्हें अपनी पसंद की कोई भी चीज़ खोजने का पूरा विकल्प मिलता है। नेकी की दुकान का यह नया सेट 8 महीने पहले गिल रोड के पास स्थापित किया गया था और यह पूरे दिन, हर दिन खुला रहता है। नेकी की दुकान 2017 से जरूरतमंदों की सहायता कर रही है। इस दुकान से सारा संग्रह नेकी दा अस्पताल को भेजा जाता है, जो



आलमगीर गांव में एक अच्छी तरह से सुसज्जित सुविधा है जो रोगियों को न्यूनतम शुल्क पर उपचार प्रदान करती है। क्रसेंडो ग्लोबल ने अपने कार्यालय में एक कपड़े दान अभियान का आयोजन किया, जिसमें सभी कर्मचारियों ने कपड़े दान किए। श्री राघव चौधरी, प्रबंध निदेशक- क्रसेंडो ग्लोबल ने साझा किया कि दान दिल से होना चाहिए क्योंकि इसे साथी इंसानों द्वारा पहना जाएगा, और अधिक संगठनों से आगे आने और समान दयालुता के साथ समुदाय की मदद करने का आग्रह किया।


## खबर जरा हटके

### जॉब लगते ही शादी, कार, घर और रिटायरमेंट के लिए शुरू करें निवेश


नई दिल्ली। करियर की शुरुआत बेहद उत्साहजनक होती है। आपके बटुए में पहली बार अपनी कमाई के पैसे आते हैं और दफ्तर से बाहर बिलकुल अलग दुनिया नजर आती है। यह पहले भी थी, लेकिन अब आप आसपास की दुनिया को अलग नजरिए से देखेंगे। हर उस चीज पर खर्च करेंगे जो आपको पसंद है। इसमें कुछ गलत नहीं है। आप मेहनत इसीलिए करते हैं कि जीवन का भरपूर आनंद उठा सकें। लेकिन इसके साथ ही इस बात का ध्यान रखें कि करियर में उतार-चढ़ाव भी आते हैं। हो सकता है कि कुछ समय के लिए आय का जरिया बंद हो जाए या अचानक मोटी रकम की जरूरत पड़ जाए। ऐसे हालात से निपटने की तैयारी ही फाइनेंशियल प्लानिंग कहलाती है, जिसकी शुरुआत बचत से होती है। इसका यह मतलब नहीं है कि आप उत्साह को दबा दें और खर्च न करें, बस कमाई का एक छोटा सा हिस्सा बचाकर फाइनेंशियल प्लानिंग का पहला कदम उठाने की जरूरत है। ध्यान रखें कि करियर की शुरुआत से ही फाइनेंशियल प्लानिंग करने से निवेश को लंबा समय मिलता है।




## आज का विचार




## कार्टून-कोना, राज-नीति







# गेहूं निर्यात में भारत को बड़ी कामयाबी हमारे मेहनती किसानों की बदौलत मिली



भारत पूरी दुनिया को अन्न देने को तैयार है। यह दावा कोई हवा हवाई या बड़बोलापन नहीं माना जा सकता। यह तो देश के अन्नदाता की मेहनत और सरकारी नीतियों का परिणाम है कि आज देश के गोदाम अन्न-धन से भरे हैं। दुनिया का बड़ा गेहूं उत्पादक देश होने के बावजूद गेहूं के निर्यात में चार साल पहले तक भारत की हिस्सेदारी नगण्य के बराबर रही है। पर पिछले चार साल में ही भारत आज गेहूं के निर्यात के क्षेत्र में लंबी छलांग लगाने की स्थिति में आ गया है। युद्ध और कोरोना जैसी महामारी के चलते दुनिया के देशों के सामने खाद्यान्नों का संकट आ गया है वहीं आबादी के हिसाब से दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा देश होने के बावजूद खाद्यान्नों के मामले में आज भारत पूरी तरह से आत्मनिर्भर होने के साथ ही दुनिया के देशों को खाद्यान्न उपलब्ध कराने की स्थिति में आ गया है। केवल चार साल में ही भारत ने गेहूं के निर्यात में नए आयाम स्थापित किए हैं। आज भारत केवल चार सालों में दो लाख टन से सौ लाख टन गेहूं के निर्यात आंकड़े को छूने जा रहा है। यह बात किसी रॉकेटी उड़ान से कम नहीं हो सकती।

हालांकि गेहूं के निर्यात में भारत की हिस्सेदारी एक प्रतिशत से भी कम है। 2016 में 0.14 प्रतिशत की गेहूं निर्यात की हिस्सेदारी 2020 तक बढ़कर 0.54 प्रतिशत तक ही पहुंची है यानी की एक प्रतिशत से भी कम है पर हालात तेजी से बदल रहे हैं।

पहले कोरोना और अब यूक्रेन-रूस युद्ध ने दुनिया के सामने सारी तस्वीर ही बदल कर रख दी है। रूस और यूक्रेन पर पूरी तरह से निर्भर मिस्त्र जैसे अनेक देश आज भारत की ओर ताक रहे हैं। पिछले दिनों ही मिस्त्र ने भारत से गेहूं आयात करने को लेकर हरी झंडी दिखा दी है। भारत ने भी मिस्त्र को शुरुआती दौर में 30 लाख टन गेहूं निर्यात का लक्ष्य तय किया है। देखा जाए तो भारत के पास गेहूं के भण्डार भरे हैं। इस साल भी गेहूं का रिकॉर्ड उत्पादन होने के अनुमान लगाया जा रहा है। मण्डियों में नए गेहूं की आवक शुरू हो गई है। हालांकि इस बार सरकारी खरीद का आंकड़ा छूने में परेशानी आ रही है और इसका कारण दूसरे अर्थों में सकारात्मक संकेत भी माना जाना चाहिए। क्योंकि इस साल मण्डियों में या यों कहे कि बाजार में गेहूं के भाव सरकार द्वारा घोषित एमएसपी से कहीं ज्यादा चल रहे हैं। यही कारण है कि पंजाब, हरियाणा तक में किसान सरकारी खरीद केन्द्रों के स्थान पर गेहूं सीधे बेचने या भण्डारित करने पर जोर दे रहे हैं। इसका एक कारण यह भी है कि अभी तो एमएसपी से अधिक भाव चल ही रहे हैं पर रूस यूक्रेन युद्ध के चलते आने वाले समय में गेहूं के भावों में और तेजी आने के कयास लगाए जा रहे हैं। माना जा रहा है कि गेहूं की विदेशों में मांग और अधिक बढ़ेगी और अंतरराष्ट्रीय बाजार में गेहूं के भाव बढ़ने का लाभ किसानों को भी मिलेगा। अमेरिकी विशेषज्ञों की मानें तो देश में 12 मिलियन टन गेहूं निर्यात के लिए मौजूद है। एक समय था जब देशवासियों को पेट भरने के लिए अमेरिका जैसे देशों के सामने गेहूं के लिए हाथ फैलाना पड़ता था। पुरानी पीढ़ी को आज भी याद है कि घटिया किस्म का गेहूं भारत आता था।

लाल बहादुर शास्त्री जी को तो देशवासियों से एक दिन उपवास खासतौर से सोमवार को व्रत रखने का संदेश देना पड़ा था। आज भी शास्त्री जी के काल को देखते हुए लोग सोमवार को उपवास रखते आ रहे हैं। खैर किसानों की मेहनत, कृषि विशेषज्ञों के प्रयास और केन्द्र व राज्य सरकारों की नीतियों का ही परिणाम है कि आज हमारा देश विदेशों की भूख मिटाने की स्थिति में आ गया है। कोरोना के कारण देश के 80 करोड़ लोगों तक आज भी अन्न पहुंचाया जा रहा है और कहीं भी खाद्यान्नों की कमी नहीं आने दी गई। यह सब अन्नदाता की मेहनत का परिणाम है। जहां तक गेहूं के निर्यात का प्रश्न है मिस्त्र द्वारा भारत से गेहूं मंगाने पर सहमति के बाद हालात और अधिक तेजी से बदलेंगे। देश में 2019 में 2 लाख टन गेहूं का निर्यात हुआ था जो 2020 में 21 लाख टन और 2021 में 70 टन पहुंच गया और इस साल सौ लाख टन यानि की एक करोड़ टन गेहूं के निर्यात का लक्ष्य रखते हुए कार्ययोजना को अमली जामा पहनाया जा रहा है। भारत द्वारा गेहूं निर्यात के लिए नए देशों से संपर्क साधा जा रहा है। खासतौर से 9 देशों से संपर्क बनाया जा रहा है। इनमें मोरक्को, ट्यूनिशिया, इंडोनेशिया, फिलीपींस, थाईलैण्ड, टर्की, अल्जीरिया और लेबनान प्रमुख हैं। मिस्त्र से तो निर्यात पर सहमति भी हो गई है और करीब 30 लाख टन गेहूं निर्यात का लक्ष्य रखा गया है। इससे पहले हालांकि गेहूं का सर्वाधिक निर्यात बांग्लादेश को किया जा रहा है।

बांग्लादेश के अलावा संयुक्त अरब अमीरात, मलेशिया, श्रीलंका, कतर और ओमान को गेहूं का निर्यात पहले से किया जा रहा है। खाद्यान्नों में आत्मनिर्भरता और निर्यात का सारा श्रेय अन्नदाता को जाता है तो कृषि विज्ञानियों और केन्द्र व राज्य सरकार की नीतियों को भी कमतर नहीं आंका जा सकता। देश के 135 करोड़ से भी अधिक देशवासियों की जरूरत को पूरा कर विदेशों में निर्यात की स्थिति में लाना बड़ी उपलब्धि से कम नहीं है। केवल चार साल में ही दो लाख टन से 100 लाख टन का आंकड़ा छूना किसी अजूबे से कम नहीं है। इससे निश्चित रूप से भारतीय कृषि को वैश्विक पहचान मिलने के साथ ही विदेशी आय के नए रास्ते खुले हैं। आज दुनिया के देशों को यह कहने की स्थिति में आना कि भारत पूरी दुनिया को अन्न देने को तैयार है, देश के लिए गर्व की बात है।

# विश्व मलेरिया दिवस 2022: सिर्फ बुखार ही नहीं, ये भी हो सकते हैं मलेरिया के लक्षण

मलेरिया एक प्रकार का संक्रामक रोग है जो मादा एनाफिलीज मच्छर के काटने से होता है। जब संक्रमित मादा एनाफिलीज मच्छर किसी व्यक्ति को काटता है तो प्लासमोडियम नामक पैरासाइट उस व्यक्ति के ब्लड में पहुंच जाता है और लाल रक्त कोशिकाओं को नष्ट करने लगता है। अगर सही समय पर इलाज न हो तो मलेरिया जानलेवा भी साबित हो सकता है। प्रत्येक वर्ष 25 अप्रैल को विश्व मलेरिया दिवस के रूप में मनाया जाता है। यह दिन मलेरिया बुखार के प्रति लोगों में जागरूकता फैलाने के लिए मनाया जाता है।

मलेरिया एक प्रकार का संक्रामक रोग है जो मादा एनाफिलीज मच्छर के काटने से होता है। जब संक्रमित मादा एनाफिलीज मच्छर किसी व्यक्ति को काटता है तो प्लासमोडियम नामक पैरासाइट उस व्यक्ति के ब्लड में पहुंच जाता है और लाल रक्त कोशिकाओं को नष्ट करने लगता है। अगर सही समय पर इलाज न हो तो मलेरिया जानलेवा भी साबित हो सकता है। लेकिन कुछ बातों का ध्यान रखकर मलेरिया से बचाव किया जा सकता है। आज के इस लेख में हम आपको मलेरिया के सामान्य और असामान्य लक्षण और बचाव के उपाय बताने जा रहे हैं -



**मलेरिया के सामान्य लक्षण**

ठंड लगने के साथ तेज बुखार आना
सिरदर्द
दस्त
कंपकंपाहट होना
उल्टी होना या जी मिचलाना
आँखों में जलन होना

**मलेरिया के असामान्य लक्षण**

**मायालगिया:** अगर आपको लगातार मांसपेशियों में दर्द रहता है तो आपको बिना देर किए डॉक्टर से सलाह लेने की जरूरत है।

**पीलिया:** जब शरीर में बिलीरुबिन की मात्रा अधिक हो जाती है तो इसके कारण त्वचा और आंखों का रंग पीला पड़ने लगता है। यह मलेरिया के असामान्य लक्षणों में से एक है।

**आर्थ्रोल्जिया:** अगर आपके जोड़ों में लगातार अकड़न बनी हुई है तो यह भी मलेरिया का एक लक्षण हो सकता है।

**एनीमिया:** यह तब होता है जब रक्त शरीर के अन्य भागों में पर्याप्त ऑक्सीजन नहीं ले जाता है। लो आयरन का स्तर एनीमिया का कारण बन सकता है। इसलिए सावधान रहें और तुरंत डॉक्टर की सलाह लें।

**सांस लेने में तकलीफ:** यह मलेरिया के असामान्य लक्षणों में से एक है। हालाँकि, कुछ लोगों में मलेरिया की स्थिति में यह लक्षण देखा जा सकता है।

**लो प्लेटलेट काउंट:** डेंगू ही नहीं, मलेरिया बुखार से पीड़ित व्यक्ति में भी प्लेटलेट काउंट कम हो सकता है।

**लो ब्लड शुगर लेवल:** मलेरिया से संक्रमित व्यक्ति का ब्लड शुगर लेवल कम हो सकता है जिससे उसे देखने, सुनने, सूंघने और महसूस करने में कठिनाई हो सकती है।

**मलेरिया से बचाव के तरीके**

मलेरिया से बचाव के लिए अपने घर और आसपास की सफाई का विशेष ध्यान रखें। घर के दरवाजे और खिड़कियों के पास और कोनों में मच्छर छिपे रहते हैं इसलिए दरवाजे और खिड़की पर पतली जालियां लगवाएं। इसके साथ ही इन जगहों पर मच्छर मारने वाले स्प्रे जरूर डालें। इसके अलावा रात में मच्छरदानी के अंदर सोएं। घर पर रखे कूलर, गमलों, बर्तन और टायरों में पानी जमा ना होने दें। इस जमे हुए पानी में मलेरिया के मच्छर पनपते हैं इसलिए नियमित रूप से इनकी सफाई करें। ऐसे कपड़े पहनें जिससे आपके हाथ-पैर ढँके रहें।

# मुंबई इंडियंस ने बनाया हारने का रिकॉर्ड, गंवाए लगातार 8 मैच



मुंबई। लखनऊ सुपर जायंट्स के हाथों 36 रनों से करारी शिकस्त मिलने के साथ ही किसी भी IPL सीजन के पहले 8 मैच हारने वाली मुंबई इंडियंस पहली टीम बन गई है। 5 बार IPL ट्रॉफी जीतने वाली MI के लिए यह सीजन किसी बुरे सपने की तरह रहा है। IPL में किसी भी टीम ने कभी भी लगातार 8 मुकाबले नहीं गंवाए। इससे पहले 10 बार ऐसा हुआ था, जब एक टीम ने लगातार सात मैच हारे हों। 15.25 करोड़ में खरीदे गए ईशान किशन पिछली 5 पारियों में बुरी तरह फ्लॉप रहे हैं। ईशान का रोहित शर्मा के साथ टीम को ठोस शुरुआत न दे पाना मुंबई को भारी पड़ गया। सीजन की शुरुआत से लगातार मैच हारने की बात की जाए तो इस मामले में भी मुंबई टॉप कर गई। इससे पूर्व दिल्ली डेयरडेविल्स ने 2013 में पहले 6 मुकाबले गंवाए थे, जबकि रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को 2019 के सीजन में शुरुआती 6 मुकाबलों में शिकस्त मिली थी। इस सीजन में अब तक DC, RR, KKR, RCB, PBKS, CSK और LSG के हाथों मुंबई को हार नसीब हुई है। लखनऊ के खिलाफ तो मुंबई ने 2 मैच खेले और दोनों ही में उसे शर्मनाक शिकस्त झेलनी पड़ी। रविवार को मुंबई ने लखनऊ सुपरजाइंट्स के खिलाफ टॉस जीतकर पहले बॉलिंग करने का फैसला किया। गेंदबाजों ने अच्छी गेंदबाजी की, लेकिन बल्लेबाजी ने फिर लुटिया डुबो दी। पॉइंट्स टेबल की बात करें तो 8 मुकाबलों में 0 अंकों के साथ मुंबई सबसे नीचे बनी हुई है।



लुधियाना/यूटर्न/25 अप्रैल। यह शख्स कोई आम गायक नहीं, सुविख्यात मांगणियार लोक गायक पद्मश्री अनवर खान है। जिन्होंने गत दिवस राजस्थान में लोक-संगीत के गढ़ कहलाने वाले जयपुर जवाहर कला केंद्र में सुर छेड़े तो सुनने वाले दीवानगी के आलम में झूमने लगे।

# भारत छोड़ो आंदोलन से प्रेरित फिल्म में नजर आएंगी सारा

अपने शानदार अभिनय के दम पर लोगों के दिल में जगह बनाने वाली एक्ट्रेस सारा अली खान खासी चर्चा में रहती हैं। वो अक्सर सोशल मीडिया पर अपनी प्रोफेशनल लाइफ से जुडे अपडेट साझा करती रहती हैं। अब जानकारी आ रही हैं कि वो जल्द ही 1942 के भारत छोड़ो आंदोलन पर आधारित एक फिल्म में काम करती हुई दिखाई देंगी। पिंकविला की रिपोर्ट के अनुसार, सारा अली खान जल्द ही स्वतंत्रता आंदोलन पर आधारित फिल्म में नजर आने वाली हैं। कानन अय्यर के निर्देशन में बन रही इस फिल्म में सारा मुख्य भूमिका निभाती हुई दिखाई देंगी। जानकारी के अनुसार फिल्म के महत्वपूर्ण हिस्से को शूट कर लिया गया है। रिपोर्ट के अनुसार, देशभक्ति से प्रेरित इस फिल्म का निर्माण करण जौहर के धर्मैटिक एंटटेनमेंट के बैनर तले किया जा रहा है और ये फिल्म ओटीटी प्लेट फॉर्म अमेजन प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम होगी। वहीं, बात अगर सारा अली खान के वर्कफ्रंट की करें तो वो जल्द ही आदित्य धर के निर्देशन में बनने वाली फिल्म द इम्मोर्टल अश्वत्थामा में अभिनेता विक्की कौशल के साथ नजर आने वाली हैं। ये फिल्म महाभारत के योद्धा अश्वत्थामा पर आधरित होगी। इस फिल्म का निर्माण रॉनी स्क्रूवाला कर रहे हैं। इस फिल्म के जरिए दोनों एक दूसरे के साथ पहली बार स्क्रीन स्पेस साझा करने वाले हैं। इसके अलावा वो लक्ष्मण उकेटा की अनटाइल्टड फिल्म में नजर आने वाली हैं। इस फिल्म में उनके साथ विक्की कौशल मुख्य किरदार निभाते हुए दिखाई देंगे।





# केक खाने के चक्कर मे घंटो वर्कआउट करती हैं श्रिया

बॉलीवुड अभिनेत्री श्रिया पिलगांवकर आज रिलीज हुई अमेजन प्राइम की वेब सीरीज 'गिल्टी माइंड्स' में लीड रोल में नजर आ रही हैं। श्रिया ने Jagran.com से एक्सक्लूसिव बातचीत में अपने किरदार ,फिल्मी बैकग्राउंड के साथ -साथ अपने लाइफस्टाइल और फिटनेस मंत्रा को लेकर खुलकर बातचीत की। श्रिया कहती हैं कि ₹कोर्ट रूम ड्रामा आपने फिल्मों में बहुत देखा होगा लेकिन यह ड्रामा जरा हटकर है। शूटिंग के वक्त मुझे भी लगा था कि मेरी बहुत ग्रैंड एंट्री होगी, बड़ा सा कोर्ट रूम होगा और सामने जज बैठे होंगे, लेकिन ऐसा कुछ हुआ नहीं क्योकि यह कहानी बहुत अलग और रियलस्टिक है। सीरीज में 10 कहानियां है और 10 अलग -अलग तरह के ही केस हैं। जैसे एक केस म्यूजिक के कॉपी राईट को लेकर है, ठीक वैसे ही जैसे इस तरह के केस फिल्म इंडस्ट्री में होते हैं। जब कोई किसी का म्यूजिक चुरा लेता है तो लोग केस करते हैं, तो ऐसी ही अलग -अलग कहानियां आपको देखने को मिलेंगी जिनका मैं केस लड़ती नजर आऊंगी। श्रिया फिल्म बैकग्राउंड और प्रेशर के सवाल पर कहती हैं कि मेरी जर्नी बहुत अलग रही है। लोगों को असल मे पता ही नहीं होता कि मैं सचिन और सुप्रिया पिलगांवकर की बेटी हूं और मैंने जिंदगी में जो भी हासिल किया है उसके लिए खूब ऑडिशन दिए हैं। यहां तक कि मैंने गिल्टी माइंड्स के लिए भी ऑडिशन दिया है। श्रिया अपनी बात को आगे बढ़ाते हुए कहती हैं कि असल मे हॉलीवुड में ऑडिशन देना अच्छी बात मानी जाती है और ऑडिशन से ही वहां एक्टर को प्रोजेक्ट मिलते हैं, लेकिन यहां ऑडिशन को पता नहीं बहुत अलग तरह से ट्रीट करते हैं, लेकिन मैं आपको बता दूं कि मुझे चाहे मिर्जापुर हो या ये वेब सीरीज, मुझे इन सब में एक्टिंग का मौका ऑडिशन टेस्ट में पास होने पर ही मिला है।

# हॉलीवुड मूवी में नजर आ सकती हैं आलिया



आलिया भट्ट और रणबीर कपूर की शादी को दस दिन से ज्यादा हो गए हैं। बॉलीवुड का यह मोस्ट पॉपुलर कपल अपने काम पर लौट गया है। रणबीर कपूर ने जहां रश्मिका मंदाना के साथ एनिमल फिल्म की शूटिंग शुरू कर दी है, वहीं आलिया भट्ट भी अपने प्रोजेक्ट्स पर काम कर रही हैं। इस तरह इस कपस ने फुरसत के कुछ लम्हे साथ गुजारने के बजाए, अपने काम को प्राथमिकता दी। लेकिन इस बीच नई नवेली दुल्हन आलिया भट्ट के लिए एक खुशखबरी आई है। यह गुड न्यूज सिर्फ आलिया भट्ट के लिए नहीं है, बल्कि उनके फैन्स के लिए भी है। आलिया भट्ट ने इंस्टाग्राम पर सिनेमा की दुनिया के टॉप इन्फ्लुएंसर्स में जगह बनाई है। दुनिया भर के इन टॉप 5 इन्फ्लुएंसर्स की लिस्ट में आलिया भट्ट एकमात्र भारतीय और एशियाई कलाकार है। आलिया भट्ट ने टॉप 5 की इस रैंकिंग में चौथे स्थान पर जगह बनाई है। इस लिस्ट में हॉलीवुड स्टार जेंडाया पहले नंबर पर हैं जबकि टॉम हॉलैंड दूसरे पर, विल स्मिथ तीसरे पर और पांचवें नंबर जेनिफर लोपेज हैं। 'आरआरआर' और 'गंगूबाई काठियावाड़ी' में नजर आने के बाद आलिया भट्ट अब जल्द ही हॉलीवुड फिल्म में भी डेब्यू करने जा रही हैं।

खुद बोलती तस्वीर



कौशिक मंडल
आर्टिस्ट

# पहली बार दुनिया का सैन्य खर्च 2.10 लाख करोड़ डॉलर

## अमेरिका टॉप पर, चीन दूसरे और भारत तीसरे नंबर पर



स्टॉकहोम। स्टॉकहोम इंटरनेशनल पीस रिसर्च इंस्टीट्यूट ने सोमवार को दुनिया की प्रमुख सेनाओं के सालाना खर्च पर रिपोर्ट जारी की। इसके मुताबिक, विश्व सैन्य खर्च 2021 में 2.1 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर के के साथ अब तक के सबसे ऊंचे स्तर पर पहुंच गया। सबसे ज्यादा सैन्य खर्च के मामले में अमेरिका टॉप पर है। इसके बाद चीन और फिर तीसरे नंबर पर भारत है। रिपोर्ट के मुताबिक, ग्लोबल मिलिट्री एक्सपेंडिचर 2021 में 0.7% बढ़कर 2,113 बिलियन अमेरिकी डॉलर तक पहुंच गया। 2021 में सेना पर सबसे ज्यादा खर्च करने वाले पांच देशों में अमेरिका, चीन, भारत, यूनाइटेड किंगडम (ब्रिटेन) और रूस शामिल थे। टोटल एक्सपेंडिचर का 62% हिस्सा अकेले इन 5 देशों ने खर्च किया। SIPRI के मिलिट्री एक्सपेंडिचर और आर्म्स प्रोडक्शन प्रोग्राम के सीनियर रिसर्चर डॉ. डिएगो लोपेज डा सिल्वा ने कहा- कोरोना महामारी के बाद सामने आई आर्थिक गिरावट के बीच भी सैन्य खर्च रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया। महंगाई के कारण विकास दर में मंदी थी। हालांकि, फिर भी सैन्य खर्च में 6.1% की बढ़ोतरी हुई। भारत का सैन्य खर्च पिछले साल 76.6 बिलियन अमेरिकी डालर के साथ तीसरे स्थान पर रहा। सरकार ने 2020 की तुलना में 0.9% की बढ़ोतरी की। भारत ने चीन और पाकिस्तान के साथ चल रहे तनाव और सीमा विवादों के चलते सैन्य बजट बढ़ाया है। भारत का 76.6 बिलियन अमेरिकी डॉलर, यानी 5.87 लाख करोड़ रुपए का सैन्य खर्च दुनिया में तीसरे नंबर पर है। यह 2020 से 0.9% और 2012 से 33% ज्यादा है। स्वदेशी हथियार उद्योग को मजबूत करने और आत्मनिर्भरता बढ़ाने के लिए 2021 के सैन्य बजट में 64% बजट निर्धारित किया गया था।

रिपोर्ट के मुताबिक, 2021 में अमेरिकी सैन्य खर्च 801 बिलियन अमेरिकी डॉलर्स तक पहुंच गया, जो 2020 के मुकाबले 1.4% कम है। 10 साल में अमेरिका ने मिलिट्री रिसर्च और डेवलपमेंट के लिए 24% बजट बढ़ाया और हथियारों की खरीद पर खर्च में 6.4% की कमी की। दूसरे स्थान पर चीन है, जिसने डिफेंस पर 293 बिलियन अमेरिकी डॉलर खर्च किए। यह 2020 की तुलना में 4.7% ज्यादा रहा। ब्रिटेन ने पिछले साल रक्षा पर 68.4 अरब डॉलर खर्च किए, जो 2020 के मुकाबले 3% ज्यादा रहा है। वहीं यूक्रेन पर दो महीने से हमला कर रहे रूस ने रक्षा खर्च में पांचवी पोजीशन बरकरार रखी है। रूस ने 2021 में अपना सैन्य खर्च 2.9% बढ़ाकर 65.9 बिलियन अमेरिकी डॉलर कर दिया था।

# हम हनुमान चालीसा पढ़ेंगे, हिम्मत है तो मेरे ऊपर राजद्रोह का केस लगाएं: फडणवीस



मुंबई / यूटर्नः महाराष्ट्र में हनुमान चालीसा विवाद को लेकर सियासत तेज होती जा रही है। सत्ता पक्ष और विपक्ष के नेताओं के बीच जुबानी जंग थमने का नाम नहीं ले रही है। इसी क्रम में सोमवार को फडणवीस ने एक प्रेस वार्ता कर उद्धव सरकार पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि हनुमान चालीसा महाराष्ट्र में नहीं बोली जाएगी तो क्या पाकिस्तान में बोली जाएगी, इनको हनुमान चालीसा से इतनी नफरत क्यों है? हम सारे हनुमान चालीसा बोलेंगे अगर सरकार में हिम्मत है तो हमारे ऊपर राजद्रोह का गुनाह लगाकर दिखाएं। देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि हमारा मानना है कि हिटलरशाही से संघर्ष होता है, संवाद नहीं। अगर इस प्रकार की प्रवृत्ति यहां पर चलेगी तो हम भी उसका मुकाबला करेंगे। हम गृह मंत्री की बैठक में जाकर क्या करेंगे क्योंकि उस बैठक में मुख्यमंत्री तो उपस्थित ही नहीं हैं। फडणवीस ने कहा कि आज महाराष्ट्र के गृह मंत्री ने जो बैठक बुलाई थी हमने उसका बहिष्कार करने का फैसला किया क्योंकि पिछले 3-4 दिनों में जिस प्रकार से पुलिस का उपयोग करते हुए विरोधी पार्टी के लोगों को जान से मारने का प्रयास किया गया उसके बाद संवाद के लिए जगह कहां बचती है? फडणवीस ने राणा दंपती की गिरफ्तारी को गलत ठहराते हुए महाराष्ट्र सरकार पर तानाशाही का आरोप लगाया।

# बलिया के तीन पत्रकारों को मिली जमानत

बलिया / यूटर्नः यूपी बोर्ड इंटरमीडिएट अंग्रेजी पेपर लीक मामले में गिरफ्तार बलिया के तीन पत्रकारों को सोमवार को जमानत मिल गई। जिला जज की अदालत ने तीनों पत्रकारों को जमानत दी। यही नहीं, तीनों पत्रकारों पर लादी गई संगीन धाराएं भी हट गई हैं। इस मामले में बैकफुट पर आई पुलिस ने पेपर लीक के तीनों मुकदमे में से आईपीसी की धाराएं हटा दी हैं। पेपर लीक मामले में गिरफ्तार वरिष्ठ पत्रकार अजीत ओझा, दिग्विजय सिंह और मनोज गुप्ता की रिहाई की मांग को लेकर बीते कई दिनों से आंदोलन चल रहा था। प्रकरण में दिग्विजय सिंह और मनोज गुप्ता की जमानत पहले ही स्वीकृत हो गई थी, जबकि सोमवार को अजीत ओझा की जमानत स्वीकार हुई। जमानत के बाद की कानूनी औपचारिकताएं पूरी की जा रही हैं। प्रक्रिया पूरी होने के बाद तीनों पत्रकार जेल से बाहर होंगे। अब सिर्फ इन पर परीक्षा अधिनियम और 66 आईटी एक्ट शेष है, जिनकी तफ्तीश चल रही है। पेपर लीक कांड में 50 से ज्यादा लोगों की गिरफ्तारी हुई है। जिसमें मास्टरमाइंड निर्भय नारायण सिंह, जिला विद्यालय निरीक्षक बृजेश कुमार मिश्रा इत्यादि हैं।

# जिग्नेश मेवाणी ट्वीट केसः असम की कोर्ट ने गुजरात के विधायक को दी जमानत




गुवाहाटी / यूटर्नः प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ एक आपत्तिजनक ट्वीट के मामले में असम से गिरफ्तार हुए गुजरात के विधायक जिग्नेश मेवाणी को असम की कोकराझार कोर्ट ने जमानत दे दी। हालांकि, असम पुलिस ने जमानत मिलने के बाद, 'अधिकारियों पर हमला करने' के आरोप में फिर से गिरफ्तार कर लिया। गौरतलब है कि उन्हें एक दिन पहले कोकराझार कोर्ट ने ही न्यायिक हिरासत में भेजा था। कांग्रेस विधायक और दलित नेता जिग्नेश मेवाणी को असम पुलिस ने पालनपुर सर्किट हाउस से बुधवार रात करीब 11:30 बजे गिरफ्तार कर लिया था। जहां से उन्हें असम ले जाया गया। गौरतलब है कि पीएम नरेंद्र मोदी के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी करने के मामले में असम पुलिस ने मेवाणी के खिलाफ केस दर्ज किया था। जानकारी के मुताबिक, मेवाणी को सड़क मार्ग से अहमदाबाद ले जाया गया, वहां से उन्हें ट्रेन से असम के गुवाहाटी लाया गया और फिर सड़क मार्ग से कोकराझार ले जाया गया था।

# आजम खां से जेल में मिले कांग्रेस नेता आचार्य प्रमोद कृष्णम

सीतापुर/ यूटर्नः प्रसपा प्रमुख शिवपाल यादव व सपा विधायक रविदास मेहरोत्रा के बाद सोमवार को कांग्रेस नेता आचार्य प्रमोद कृष्णम जिला कारागार में बंद आजम खां से मुलाकात करने पहुंचे। मुलाकात के बाद कारागार से बाहर निकले प्रमोद कृष्णम ने बताया कि वह आजम से मिलकर कोई रणनीति बनाने नहीं आए थे बल्कि उनका हालचाल जानने आए थे। उन्होंने कहा कि आजम खां पर बहुत ज्यादती हुई है। प्रदेश के मुखिया योगी आदित्यनाथ एक साधु हैं। साधु होने के नाते उनका हृदय विराट होना चाहिए। उनका भाव समदर्शी होना चाहिए। उनके राज में निर्दोष पर जुर्म होना अपने आप में अन्याय है। उन्होंने कहा कि आजम खां ने काफी देर उनसे मुलाकात कर बातचीत की। इस दौरान आजम ने उनको खजूर भी खिलाया। प्रमोद कृष्णम ने आजम खां को गीता भी भेंट की। कृष्णम ने कहा कि गीता धर्म और सत्य का ग्रंथ है। असत्य पर सत्य की विजय का ग्रंथ है। आचार्य ने कहा कि वह कांग्रेस की तरफ से मुलाकात करने नहीं आए हैं। न ही सियासत करने आए हैं। जेल से रिहा होने के बाद आजम खां से सियासत पर चर्चा करेंगे। उन्होंने कहा कि आजम उनके अच्छे दोस्त रहे हैं। उनका फर्ज बनता है कि संकट की घड़ी में अपने दोस्त से मुलाकात करने पहुंचे। इसमें सियासत करना उचित नहीं है।

## मध्य प्रदेश में खरगोन दंगे के बाद आर्थिक बहिष्कार का संकल्प, बोले-

# विधर्मियों से न सामान खरीदेंगे, न उन्हें कुछ बेचेंगे



खरगोन / यूटर्नः मध्य प्रदेश के खरगोन में दंगे के बाद लोगों के बीच वैमनस्यता और बढ़ गई है। अब यह शहर से गांव तक जा पहुंची है। जिले के कई गांवों में हिंदू संगठन के सदस्य जनता को सार्वजनिक रूप से एक संकल्प दिला रहे हैं। उन्हें विधर्मियों की दुकानों से कपड़ा, चप्पल या अन्य कोई भी वस्तु नहीं खरीदने की शपथ दिलवाई जा रही है। खरगोन SP रोहित कासवानी का कहना है कि इस प्रकार का वीडियो हमारे संज्ञान में भी आया है। वीडियो की जांच कर रहे हैं। जिले के उबदी, पिपरी और इच्छापुर गांव में इस तरह के आयोजन हो चुके हैं। वहीं, बिस्टान और केली में भी ऐसे मामले सामने आए हैं। संकल्प लेने के वीडियो भी वायरल हो रहे हैं। साथ ही हाट-बाजारों में भी आर्थिक बहिष्कार की बातें सामने आ रही हैं। 'आज से हम संकल्प लेते हैं कि विधर्मियों की दुकानों से कपड़ा, चप्पल या अन्य कोई भी वस्तु नहीं खरीदेंगे, न ही उन्हें अपनी कोई भी वस्तु बेचेंगे। हे महाकाल, हमारे संकल्प को पूरा करने की उपयुक्त शक्ति और मनोवृत्ति प्रदान करें। बता दें कि 10 अप्रैल को रामनवमी पर हुए उपद्रव में शारीरिक, मानसिक, आर्थिक और धार्मिक क्षति हुई थी। इससे लोगों के मन पर गहरा घाव हुआ है, जिसके फल स्वरूप लोग अपने-अपने स्तर पर आक्रोश व्यक्त कर रहे हैं।

Owner, Publisher, Printer: Komal Sharma, Printed by: BBF Industries Limited, VPO Bhamiia Kalan, Tajpur Road, Ludhiana PB-141011, Published by : House No. 68, New Sarabha Nagar, VPO, Dad. Ludhiana PB-142022, Chief Editor: Sandeep Sharma